**Class - 6**

Hindi

Chapter - 1

वन के मार्ग में

(**) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

नगर से बाहर निकलकर दो पग चलने के बाद सीता की क्या दशा हुई?

उत्तर-

नगर से बाहर निकलकर दो पग अर्थात थोड़ी दूर चलने के बाद सीता जी के माथे पर पसीने की बूंदें झलकने लगीं। उनके कोमल ओठ सूख गए। वे शीघ्र ही थक गईं।

प्रश्न 2.

'अब और कितनी दूर चलना है, पर्नकुटी कहाँ बनाइएगा'-किसने, किससे पूछा और क्यों ?

उत्तर-

'अब और कितना दूर चलना है, पर्नकुटी कहाँ बनाइएगा' ये शब्द सीता जी ने श्रीराम से पूछे क्योंकि वे बहुत अधिक थक गई थीं।

प्रश्न 3.

राम ने थकी हुई सीता की क्या सहायता की?

उत्तर-

राम ने जब देखा कि सीता थक चुकी हैं, तो वह देर तक बैठकर पैरों से काँटे निकालने का अभिनय करते रहे, जिससे सीता को कुछ देर आराम करने का मौका मिल जाए और उनकी थकान कम हो जाए।

प्रश्न 4.

दोनों सवैयों के प्रसंगों में अंतर स्पष्ट करो।

उत्तर-

पहले सवैये में वन जाते समय सीता जी की व्याकुलता एवं थकान का वर्णन है। वे अपने गंतव्य के बारे में जानना चाहती हैं। पत्नी सीता की ऐसी बेहाल अवस्था देखकर रामचंद्र जी भी दुखी हो जाते हैं। जब सीता नगर से बाहर कदम रखती हैं तो कुछ दूर जाने के बाद काफ़ी थक जाती हैं। उन्हें पसीना आने लगता है और होंठ सूखने लगते हैं। वे व्याकुलता से श्रीराम से पूछती हैं कि अभी और कितना चलना है तथा पर्णकुटी कहाँ बनाना है? इस तरह सीता जी की व्याकुलता को देखकर श्रीराम की आँखों में आँसू आ जाते हैं। दूसरे सवैये में श्रीराम और सीता की दशा का मार्मिक चित्रण है। इस प्रसंग में श्रीराम व सीता जी के प्रेम को दर्शाते हुए कहा गया है कि कैसे श्रीराम सीता के थक जाने पर अपने पैरों के काँटे निकालते हैं और सीता जी श्रीराम का अपने प्रति प्रेम देखकर पुलकित हो जाती हैं।

प्रश्न 5.

पाठ के आधार पर वन के मार्ग का वर्णन अपने शब्दों में करो।

उत्तर-

वन का मार्ग अत्यंत कठिन था। यह मार्ग काँटों से भरा था। उस पर बहुत सँभलकर चलना पड़ रहा था। रहने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं था। रास्ते में खाने की वस्तुएँ नहीं थीं। पानी मिलना भी कठिन था। चारों तरफ सुनसान तथा असुरक्षा का वातावरण था।

(**) अति लघु प्रश्न  के उत्तर लिखो :-

प्रश्न 1.
प्रथम सवैया में कवि ने राम-सीता के किस प्रसंग का वर्णन किया है?

उत्तर-
प्रथम सवैया में कवि ने श्रीराम व सीता के अयोध्या से निकलकर वन गमन का वर्णन किया है।

प्रश्न 2.
राम और सीता कहाँ जाने के लिए निकले थे?

उत्तर-
राम और सीता वन जाने के लिए निकले थे।

प्रश्न 3.
वन गमन के समय सीता ने राम से क्या पूछा?

उत्तर-
वन गमन के समय सीता जी ने राम जी से पूछा कि कितना और चलना है? और पर्णकुटी कहाँ बनाइएगा?

प्रश्न 4.
पर्नकुटी किस चीज़ से बनती है?

उत्तर-
पर्नकुटी पत्तों से बनती है।

प्रश्न 5.
राम ने रुककर क्या किया?

उत्तर-
राम ने रुककर थोड़ा विश्राम किया और पैरों में चुभे काँटों को देर तक निकालते रहे।

## Chapter - 2

सांस सांस में बांस

(**) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : -

प्रश्न 1.
बाँस को बूढ़ा कब कहा जा सकता है? युवा बाँस में कौन सी विशेषता होती है जो बूढ़े बाँस में नहीं पाई जाती?

उत्तर-
तीन साल और उससे अधिक उम्र वाले बाँस को बूढ़ा कहा जात है। बूढ़े बाँस सख्त होते हैं और टूट भी जाते हैं। युवा बाँस मुलायम होते हैं। उसे सामान बनाने के लिए किसी भी तरह मोड़ा जा सकता है।

प्रश्न 2.
बाँस से बनाई जाने वाली चीजों में सबसे आश्चर्यजनक चीज़ तुम्हें कौन सी लगी और क्यों?

उत्तर-

बाँस से बनाई जाने वाली चीजों में सबसे आश्चर्यजनक मुझे जो चीज़ लगी है वह है मछली पकड़ने वाला जाल 'जकाई' इसकी बुनावट बहुत कठिन है, लेकिन इससे मछलियाँ जिस तरह फँसाई जाती हैं, वह भी बहुत आश्चर्यजनक है।

प्रश्न 3.
बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में कब आरंभ हुई होगी?

उत्तर-
बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में तब आरंभ हुई होगी, जब से इंसान ने हाथ से कलात्मक चीजें बनानी आरंभ की और जब मानव घूम-घूम कर भोजन एकत्र किया करता था। भोजन के लिए उसे एक डलियानुमा वस्तु की जरूरत पड़ी होगी। तभी उसने बाँस की बुनाई से डलिया बनाई होगी। बाद में वह कलात्मक वस्तुएँ बनाने लगा होगा।

प्रश्न 4.
बाँस के विभिन्न उपयोगों से संबंधित जानकारी देश के किस भू-भाग के संदर्भ में दी गई है? एटलस में देखो।

उत्तर-
बाँस भारत के कई भागों में बहुतायत में होता है। मुख्यतः उत्तर-पूर्वी सात राज्यों में। ये राज्य हैं- अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा। इन राज्यों का पता छात्र स्वयं एटलस में कर सकते हैं।

(**) अति लघु प्रश्न के उत्तर दीजिए : -

(क) भारत में बाँस किस प्रांत में अधिक पाया जाता है?
(i) नागालैंड
(ii) असम
(iii) मणिपुर व त्रिपुरा
(iv) उपर्युक्त सभी

(ख) बाँस इकट्ठा करने का मौसम कौन-सा है?
(i) जनवरी से मार्च
(ii) जुलाई से अक्टूबर
(iii) नवंबर एवं दिसंबर
(iv) अप्रैल से जून

(ग) बूढ़ा बाँस कैसा होता है?
(i) नरम
(ii) कमजोर
(iii) सख्त
(iv) लचीला

(घ) चंगकीचंगलनबा थे?
(i) वैज्ञानिक
(ii) लेखक
(iii) जादूगर
(iv) कारीगर

(ङ) 'साँस-साँस में बाँस' पाठ में किस राज्य की बात की जा रही है?
(i) मणिपुर
(ii) त्रिपुरा
(iii) असम

(iv) नागालैंड

उत्तर

(क) (iv)
(ख) (ii)
(ग) (iii)
(घ) (iii)
(ङ) (iv)

## Chapter - 3

नौकर

(**) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : -

प्रश्न 1.
आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गांधी जी ने कौन सा काम करवाया और क्यों?

उत्तर-
आश्रम में गांधी जी ने कॉलेज के छात्रों से गेहूँ बीनने का काम करवाया। उन छात्रों को अंग्रेजी भाषा के ज्ञान पर बड़ा गर्व था। गांधी जी उनके इस अहंकार को तोड़ना चाहते थे। वे यह शिक्षा देना चाहते थे कि अधिक पढ़ लेने पर भी हमें छोटे कार्य में संकोच नहीं करना चाहिए।

प्रश्न 2.
'आश्रम में गांधी कई ऐसे काम भी करते थे, जिन्हें आमतौर पर नौकर-चाकर करते हैं।' पाठ से तीन ऐसे प्रसंगों को अपने शब्दों में लिखो जो इस बात का प्रमाण हों।

उत्तर-
आश्रम में गांधी जी कई ऐसे कार्य करते थे, जिन्हें आमतौर पर नौकर-चाकर करते हैं। ये कार्य हैं-

गांधी जी आश्रम में अपने हाथ से चक्की से आटा पीसा करते थे। इतना ही नहीं कभी-कभी वह चक्की ठीक करने के लिए घंटों मेहनत करते थे।
वे बरतनों की सफ़ाई अपने हाथों से किया करते थे। वे बरतनों को रगड़-रगड़ कर चमकाते थे।
वे रसोइघर में सब्जियों को धोने, छीलने, काटने का कार्य स्वयं करते थे। गांधी जी रसोईघर के सफ़ाई का पूरा ध्यान रखते थे।

प्रश्न 3.
लंदन में भोज पर बुलाए जाने पर गांधी जी ने क्या किया?

उत्तर-
जब लंदन में गांधी जी को वहाँ के छात्रों ने भोज पर बुलाया तो गांधी जी समय से पहले पहुँचकर तश्तरियाँ धोने, सब्जी साफ़ करने तथा अन्य छोटे-मोटे काम करने में सहायता करने लगे।

प्रश्न 4.
गांधी जी ने श्रीमती पोलक के बच्चे को दूध कैसे छुड़वाया?

उत्तर-

श्रीमती पोलक का बच्चा रात को दूध पीने के लिए अपनी माँ को सारी रात जगाए रखता था। इससे वे काफ़ी कमज़ोर हो गई थीं। गांधी जी ने बच्चे की देखभाल का काम अपने हाथों में ले लिया। रात को देर रात को घर देर से पहुँचने पर भी श्रीमती पोलक के बिस्तर से बच्चे को उठाकर अपने बिस्तर पर लिटा देते थे। उसे पानी पिलाने के लिए एक बरतन में। पानी भरकर भी रख लेते थे। बच्चे को पंद्रह दिन तक उन्होंने अपने साथ बिस्तर पर सुलाया। अपनी माँ से पंद्रह दिन तक अलग सोने पर बच्चे ने माँ का दूध छोड़ दिया।

प्रश्न 5.
आश्रम में काम करने या करवाने का कौन सा तरीका गांधी जी अपनाते थे? इसे पाठ पढ़कर लिखो।

उत्तर-
आश्रम में गांधी जी स्वयं काम करते थे तथा दूसरों से काम करवाने में सख्ती बरतते थे, पर वे अपना काम किसी और से करवाना पसंद नहीं करते थे। वे किसी के पूछने पर उसे तुरंत कामे बता देते थे। गांधी जी को स्वयं काम करते देखकर कोई भी मना नहीं कर पाता था। वे काम करने वालों को कभी नौकर नहीं समझते थे, वरन उन्हें भाई या बहन मानते थे। इससे काम न करने की सोचने वाला भी काम करने को प्रेरित हो जाता था।

(**) अति लघु प्रश्न के उत्तर दीजिए : -

क) नौकर’ पाठ के लेखक कौन हैं?
(i) महात्मा गांधी जी
(ii) अनु बंद्योपाध्याय
(iii) विष्णु प्रभाकर
(iv) गुणाकर मुले

(ख) गांधी जी पैदल क्यों चलते थे?
(i) पैसा बचाने के लिए
(ii) स्वस्थ रहने के लिए
(iii) उनको डॉक्टर ने सलाह दी थी
(iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) साबरमती आश्रम किस राज्य में है?
(i) बिहार
(ii) बंगाल
(iii) गुजरात
(iv) ओडिशा

(घ) गांधी जी सवेरे की प्रार्थना के बाद कौन-सा कार्य करते थे?
(i) सब्जियों का लाना
(ii) सब्ज़ियों का छीलना
(iii) सब्ज़ियाँ काटना
(iv) सब्ज़ियाँ पकाना

(ङ) गांधी जी के साथ दक्षिण अफ्रीका में कौन ठहरा था?
(i) रामकृष्ण गोखले
(ii) गोपाल कृष्ण गोखले
(iii) सरदार बल्लभ भाई पटेल
(iv) नेताजी सुभाष चंद्र बोस

उत्तर

(क) (ii)
(ख) (ii)
(ग) (iii)
(घ) (ii)
(ङ) (ii)

**व्याकरण**

* विलोम शब्द लिखो :-

1) अतिवृष्टि= अनावृष्टि
2) अनुराग= विराग
3) अंदर= बाहर
4) अर्थ= अनर्थ
5) कोमल= कठिन
6) अनुकूल= प्रतिकूल
7) समर्पण= ग्रहण
8)आशा= निराशा
9) अच्छा= बुरा
10) उपस्थित= अनुपस्थित
11) इच्छा= अनिच्छा
12) आलसी= परिश्रमी
13) आदान= प्रदान
14) उदय=अस्त
15) स्वर्ग= नरक
16) गुण=अवगुण
17) असली= नकली
18) ग्रहण= त्याग
19) प्राचीन= नवीन
20) स्वाधीन= पराधीन
21) मीठा= कड़वा
22) सजीव= निर्जीव
23) उदार= अनुदार
24) जागरण= निद्रा
25) सत्य= असत्य
26) उत्तर= दक्षिण
27) देव= दानव
28) फूल= कांटा
29) विरोध= समर्थन
30) काला= सफेद

**व्याकरण**.....संधि

-:संधि:-

* संधि विच्छेद करो : -

पुस्तक + आलय = पुस्तकालय
विद्या + अर्थी = विद्यार्थी
रवि + इंद्र = रविन्द्र
गिरी +ईश = गिरीश
मुनि + ईश =मुनीश
मुनि +इंद्र = मुनींद्र
भानु + उदय = भानूदय
वधू + ऊर्जा = वधूर्जा
विधु + उदय = विधूदय
भू + उर्जित = भुर्जित।
नर + इंद्र + नरेंद्र
सुर + इन्द्र = सुरेन्द्र
ज्ञान + उपदेश = ज्ञानोपदेश
भारत + इंदु = भारतेन्दु
देव + ऋषि = देवर्षि
सर्व + ईक्षण = सर्वेक्षण
मत+एकता = मतैकता
एक +एक =एकैक
धन + एषणा = धनैषणा
सदा + एव = सदैव
महा + ओज = महौज

**Chapter Name - राम का राज्याभिषेक**

(**) अति लघु प्रश्न के उत्तर दीजिए : -

1 ) विभीषण क्या चाहते थे ?
= विभीषण चाहते थे कि राम कुछ दिन लंका में ही रुक जाए।

2 ) लंका से अयोध्या तक सभी कैसे पहुंचे ?
= लंका से अयोध्या तक सभी विभीषण के पुष्पक विमान से पहुंचे।

3 ) राम ने हनुमान को अयोध्या क्यों भेजा ?
= राम ने भारत को अपने आगमन की पूर्व सूचना देने के लिए हनुमान को अयोध्या भेजा।

4 ) राम ने पुष्पक विमान कहा भेजा और क्यों ?
= राम ने पुष्पक विमान कुबेर के पास भेजा क्योंकि वह उन्हीं का था रावण ने उसे छीन लिया था।

5 ) विमान किष्किंधा में क्यों उतरा ?
= सीता के आग्रह पर सुग्रीप की रानियों तारा और रूपा को लेने के लिए विमान किष्किंधा उतरा।

Chapter Name : - **लंका में हनुमान**

(**) अति लघु प्रश्न के उत्तर दीजिए : -
1 ) हनुमान को सीता कहां मिली ?

= हनुमान को सीता अशोक वाटिका में मिली।

2 ) हनुमान ने सीता को क्या-क्या दिया ?
= हनुमान ने सीता को राम की अंगूठी दी तथा उनका संदेश दिया ।

3 ) हनुमान से लड़ते हुए कौन मारा गया ?
= हनुमान से लड़ते हुए रावण का पुत्र अक्षय कुमार मारा गया।

4 ) वानर सेना के सामने क्या चुनौती थी ?
= वानर सेना के सामने सागर को पार करने की चुनौती थी।

5 ) विभीषण ने रावण को हनुमान को मारने से क्यों रोका ?
= विभीषण ने रावण को हनुमान को मारने से इसलिए रोका क्योंकि नीति के अनुसार दूत का वध अनुचित है।